1- दिनाँक 28.09.2020 को थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड के दौरान अभियुक्त 1- शेखर वाल्मीक पुत्र लल्लू R/0 लालमाटी थाना कोतवाली देहात जनपद दतिया (म0प्र0) मूल निवीस ग्राम रामपुरा थाना टहरौली जनपद झांसी को गिरफ्तार किया गया एवं कब्जे से 1 अदद तमन्चा देशी 315 बोर व 1 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा अभियक्त 2- इमरान पुत्र बबलू नि0 ओरक्षा गेट बाहर थाना कोतवाली जनपद झाँसी के कब्जे से 1 अदद तमन्चा देशी 315 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त 3- रामू बाल्मीक पुत्र पप्पू नि0 कोछा भावर थाना नवाबाद जनपद झाँसी के कब्जे से 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 115/2020 धारा 307 भ0द0वि0 (पुलिस मुठभेड) एवं आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है।

जंगलों से तीन बदमाश पकड़े

झांसी। थाना सदर बाजार पुलिस ने भगवंतपुरा के जंगलों से तीन बदमाशों को पकड़ा। सभी के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। सोमवार सुबह थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार को भगवंतपुरा के जंगलों में तीन बदमाशों के मिलने की सूचना मिली। उन्होंने टीम के साथ दबिश देकर दतिया के लालमाटी निवासी शेखर बाल्मीकि, कोतवाली के ओरछा गेट निवासी इमरान व थाना नवाबाद के कोछाभांवर निवासी रामू बाल्मीकि को पकड़ा। सभी के पास से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किए।